# <u>कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।</u>

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 03/2025** **दिनांक 17/04/2025**

**सेवा में,**

**अपर पुलिस महानिदेशक,**

**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 16.04.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**<u>01. थाना खानपुर पुलिस टीम द्वारा उचौरी डबल मर्डर का अभियुक्त (50 हजार का इनामियां) पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, जिसके कब्जे से आला कत्ल 01 अदद पिस्टल मय 02 अदद खोखा कारतूस,01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद।</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 16.04.2025 को थाना खानपुर पुलिस मय टीम क्षेत्र मे भ्रमण शील थे कि जरिये मुखबिर सूचना मिली कि डबल मर्डर मे शामिल आरोपी का हाथ-पैर बंधा ग्राम उचौरी में पड़ा हुआ है तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर अभियुक्त को प्राथमिक उपचार हेतु सी0एच0सी0 खानपुर ले जाया गया। स्वाट टीम को भी अवगत कराया गया। संयुक्त रूप से अभियुक्त से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गयी एवम् आलाक़त्ल के संबंध में अभियुक्त ने बताया कि उसे सैदपुर क्षेत्र में छिपा कर रखा है। उक्त आलाक़त्ल की बरामदगी हेतु अभियुक्त की निशानदेही पर मौके पर जाया गया, जहां बरामदगी के उपरान्त धोखे से उसी आलाकत्ल से अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया बचाव में पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में अभियुक्त घायल हो गया जिसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार /घायल अभियुक्त का नाम व पता-</u>**

शाहिल उर्फ बिल्लू पुत्र आफताब निवासी ग्राम उचौरी थाना खानपुर गाजीपुर

**<u>बरामदगी –</u>** आला कत्ल 01 अदद पिस्टल 7.62 MM मय 02 अदद खोखा कारतूस,01 अदद जिन्दा कारतूस

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-</u>**

1.मु0अ0सं0 94/25धारा191(2)191(3) 103(1)BNS व 7 CLA एक्ट थाना खानपुर जनपद गाज़ीपुर

2.मु0अ0सं095 /25 धारा 109 (1) BNS व3/25 आर्म्स ACTथाना खानपुर जनपद गाज़ीपुर

**02. थाना भांवरकोल पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 68/2025 धारा 305(a)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफ़र वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 16.04.2025 को थानाध्यक्ष भांवरकोल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध वाहन व व्यक्ति की चेकिंग में मिर्जाबाद चट्टी पर मामूर था कि मुखबिर खास कि सूचना पर मु0अ0सं0 68/25 धारा 305(a)/317(2) बीएनएस के वांछित अभियुक्त गोलू राजभर पुत्र दामोदर राजभर निवासी शेरपुर कलाँ थाना भाँवरकोल गाजीपुर को तेतरीयाँ मोड़ से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**

गोलू राजभर पुत्र दामोदर राजभर निवासी शेरपुर कलाँ थाना भाँवरकोल गाजीपुर उम्र 19 वर्ष

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 68/25 धारा 305(a)/317(2) BNS थाना भांवरकोल गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 221/2024 धारा 305(a)/317(2) BNS थाना भांवरकोल गाजीपुर
3. मु0अ0सं0 179/2023 धारा 379/411 भादवि थाना भांवरकोल गाजीपुर

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 अदद सैमसंग कम्पनी के सफेद रंग टच स्क्रीन
2. 01अदद मोबाईल भारत कम्पनी किपैड
3. 01 अदद मो0 एमआई कम्पनी गोल्ड रंग टच स्क्रीन
4. 01 अदद मो0 जियो LYF किपैड
5. आधार कार्ड (रमेश राम)
6. आधार कार्ड -1(मुद्रिका राम)

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**